CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

Rajguru Math, Srivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

10-1

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

# ंकृति सुधा

## कृत गोत्रज भूमिहार ब्राह्मण का परिचय एवं विस्तार

स्वामी विमलानन्द सरस्वती

प्रकाशक
दुल्लह राय शर्मा मानव उत्थान समिति
शेरपुर गाजीपुर, उ०प्र०

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

गुरु वशिष्ठ जी



RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

# सांकृति-सुधा

सांकृत गोत्रज भूमिहार ब्राह्मण
का
परिचय एवं विस्तार

"माध्यम"
चन्द्रबली मिश्र सांकृत्यायन (एम० ए०)
शेरपुर कलाँ, गाजीपुर, उ० प्र०

प्रकाशक
दुल्लह राय शर्मा मानव उत्थान समिति
शेरपुर, गाजीपुर, उ० प्र०

मुद्रक
भाषा भारती प्रेस
एस 2/402-5, सिकरौल, वाराणसी

न्यौछावर - 51.00 रुपये

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2




RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

## समर्पण

प्रणति पूर्वक महान कर्मयोगी एवं दूरदर्शी पं0 दुल्लह राय शर्मा शेरपुर के जनक को सादर समर्पित

**"हम हैं उनके कुल सेवक"**



## प्रति-समर्पण

पं0 दुल्लह राय शर्मा की वंशावली के सुत्रधार स्व0 कमला राय पुत्र स्व0 नन्दकिशोर राय, हिरसिंह राय पट्टी, रुद्रसिंह राय घराने की यादगार को चिरस्थायी करने के लिये सादर समर्पित।

— चन्द्रबली मिश्रा (सांकृत्यायन)

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

# विषय-सूची


| क्र.सं. | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | प्राक्कथन एवं आभारोक्ति | 1 |
| 2. | भूमिहार ब्राह्मण का परिचय (हम कौन हैं क्या हैं?) | 5 |
| 3. | सांकृत गोत्रज भूमिहार ब्राह्मणों के सम्बन्ध में फैलायी गयी भ्रान्तियों का निवारण | 7 |
| 4. | गोत्र प्रवर | 13 |
| 5. | ब्राह्मण धर्म एवं ब्राह्मण कर्म | 15 |
| 6. | ब्राह्मण के भेद | 17 |
| 7. | कान्यकुब्ज ब्राह्मण | 18 |
| 8. | वेद के पाँच आदर्श | 19 |
| 9. | साधारण होम विधि | 19 |
| 10. | गायत्री मंत्र | 21 |
| 11. | मानसिक पूजा विधि | 21 |
| 12. | सांकृत गोत्रज भूमिहार वंश विस्तार | 23 |
| 13. | पं0 दुल्लह राय शर्मा के वंशजों की प्राचीन तथा अर्वाचीन अवस्थाओं का वर्णन | 27 |
| 14. | शेरपुर के जनक पं0 दुल्लह राय शर्मा की वंशावली | |
| | (क) प्रथम भाग– हिरसिंह राय पट्टी का कुर्सीनामा इनके 5 पुत्रों तारापति राय, सुलतान राय, जगनारायन राय, सूद्रहि रायव कल्ली राय का कुर्सीनामा | 37 |
| | (ख) द्वितीय भाग– परसुराम राय पट्टी का कुर्सीनामा | 63 |
| | (ग) तृतीय भाग– मानसिंह राय पट्टी का कुर्सीनामा गोविन्द राय– दरवर राय, धीर राय, बुनियाद राय व दुखहरन राय (जेठराधर), हुकुम राय, विहार राय व | 79 |




RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

| क्र.सं. | विवरण | पृष्ठ सं |
|---|---|---|
| | दिलराम राय,. लहुराधर | |
| | (घ) पनपार राय का कुर्सीनामा– | 9 |
| | पहले पुत्र– मुरलीधर राय के 4 पुत्रों जगरदेव राय, नन्दलाल राय, लक्ष्मण राय व निहाला राय का कुर्सीनामा | |
| | 1. जगरदेव राय का कुर्सीनामा | |
| | 2. नन्दलाल राय का कुर्सीनामा | |
| | 3. लक्ष्मण राय का कुर्सीनामा | |
| | 4. निहाला राय का कुर्सीनामा | |
| 15. | उपसंहार– | 127 |
| 16. | पं0 दुल्लह राय शर्मा का अपने वंशजों के लिये "ज्ञानामृत" | 130 |
| 17. | शेरपुर के जनक पं0 दुल्लह राय शर्मा कुल के महापुरुषों का विवरण जिन्होंने अपने व्यक्तित्व तथा कृतित्व से शेरपुर गाँव को गौर्वान्वित किया है | 131 |
| | **कुलश्रेष्ठ की उपाधि से विभूषित** | 13 |
| | (अ) मानसिंह राय, हिरसिंह राय तथा पौत्र परसुराम राय | |
| | (ब) सन् 1942 में मातृभूमि की बलिवेदी पर अपने यौवनमय जीवन को समर्पित करने वाले अष्टशहीद तथा कतिपय अन्य पुरुषों को "विशिष्ट कुल भूषण" की उपाधि से विभूषित किया गया है। | |
| | (द) पं0 दुल्लह शर्मा के उन कुल सेवकों का विवरण जिनके आर्थिक सहयोग से इनकी प्रतिमा प्रत्यास्थित हुई है | |
| 18. | (अ) पं0 दुल्लह राय शर्मा मानव उत्थान समिति के सदस्यों की सूची | 13 |
| | (ब) सम्पादकीय मण्डल के सदस्यों का विवरण | 13 |
| | (स) कार्यकारिणी के सदस्यों का विवरण | 13 |
| 19. | लेखक द्वारा प्रस्तुत आत्मानुभूति | 140 |



RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

# प्राक्कथन एवं आभारोक्ति

प्रत्येक व्यक्ति को अपने अस्तिव को जानने की जिज्ञासा होती । हम कौन हैं? कहाँ से आये हैं? हमारा इतिहास क्या है? इस जिज्ञासा ो शान्त करने के लिए ही इतिहासकार ऐसी पुस्तक की रचना करते हैं जससे विभिन्न जाति, वर्ग एवं समुदायों के इतिहास की जानकारी होती । मनु के चार वर्णों ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य एवं शुद्र के विभिन्न उपवर्गों एवं ातियों के बारे में बहुत कुछ लिखा गया है। वर्तमान समय में वोट की जनीति के लिये सभी वर्ग के लोग जैसे ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, कायस्थ, ुर्मी, गौड़, राजभर, हरिजन, चौहान, प्रजापति, नाई आदि जातियों के ंगठन देश, प्रदेश, जिला तथा ग्राम स्तर तक बन रहे हैं। परन्तु पूर्वी त्तर प्रदेश और विहार में भूमिहार ब्राह्मण नामक खेतिहर जाति का कोई च्चा इतिहास न होने के कारण प्राचीन काल से ही इस जाति के सम्बन्ध अनेक प्रकार की भ्रांतियाँ विद्वेसवश फैलायी जा रही हैं। इस जाति के म्बन्ध में सर्वप्रथम स्वामी सहजानन्द सरस्वती ने सन् 1916 ई0 में भूमिहार ब्राह्मण परिचय" नामक पुस्तक का प्रकाशन कराया तथा भूमिहार ब्राह्मण" पत्रिका भी छपवाया। बाद में सन् 1925 ई0 में इस स्तक का नाम परिविर्तित करके "भूमिहार वंश–विस्तर" कर दिया गया।

यद्यपि इस जाति का अखिल भारती भूम्हिार ब्राह्मण महासभा ान 1882 ई0 में गठित हुई थी परन्तु एकाध अधिवेशन के पश्चात् मृत प्राय ो गई थी। सन् 1935 ई. के पश्चात् इस सभा का महत्व बढ़ा और जनपद ं इस सभा का संगठन बनने लगा। मैंने स्वामी जी की पढ़ा तो मेरे मन ं यह संकल्प जगा कि इसके आधार एक छोटी पुस्तक संकलित करके ूमिहार समाज में वितरित करूँ।

अभी मैं इस पुस्तक को तैयार कर ही रहा था तो इसी बीच में मारे पड़ोसी गहमर गाँव के क्षत्रियवंश के लोगों ने मनगढ़न्त, भ्रामक, सत्य तथा तथ्यहीन विवरण छापकर हमारे वंश को लांछित करने का यास किये। यह पुस्तक जब मैंने पढ़ा तो मेरी अन्तरआत्मा को बड़ा ठेस हुँचा। उसी समय मुझे तुलसी दास द्वारा रचित चौपाई याद आ गई–



RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

यद्यपि जग दारुन दुःख नाना।

सबसे अधिक जाति अपमाना।।

मैंने बचपन में स्कूल में पढ़ते समय सन् 1947 के पूर्व यह याद किया था।

जिसको निज गौरव तथा निज जाति का अभिमान है वह नर नर पशु निरा है और मृतक समान है। इन सबसे मुझे सांकृतगोत्री भूमिहार ब्राह्मण के इतिहास के बारे में लिखने की उत्कृष्ट जिज्ञासा मन में उत्पन्न हुई। इसी इतिहास को लिखने के लिये साम्रगी ढूंढ रहा था। इसी सन्दर्भ में मुझे यह श्लोक पढ़ने को मिला–

अस्मिन परिवर्तिनि संसारे मृत को वा न जायते

संजातो येन जातेन, जाति वंश समुन्नतिम्।।

स्वामी सहजानन्द सरस्वती ने भी अपनी पुस्तक ब्रह्मर्षि वंश–विस्तार में विभिन्न गोत्रीय भूमिहार ब्राह्मणों के बारे में प्रकाश डाला है। उससे मुझे अपने गोत्र के सम्बन्ध में कुछ जानकारी मिली। इसके बाद जब मैं और प्रयास किया तो हमारे कुल के ही दण्डी स्वामी परमानन्द सरस्वती द्वारा लिखित लघु पुस्तक "सांकृत गोत्रावली देखने को मिली। इस पुस्तक को पढ़ने के पश्चात् सांकृत गोत्र के बारे में पूरी जानकारी मिली। अब भी इस गोत्र के प्रवर ऋषि सांकृति से इस वंश के विस्तार के सम्बन्ध जानकारी प्राप्त करने का प्रयास कर रहा था। इस सम्बन्ध में मैं इस के दण्डी स्वामी विमलानन्द सरस्वती जी से मिला। उन्होंने शास्त्र सैनिक एवं धर्माचार्य ब्राह्मण" नामक रचित पुस्तक प्रदान किया। इन पुस्तकों से प्राप्त विवरण के अनुसार "सांकृत गोत्रज भूमिहार ब्राह्मण परिचय" नामक विवरण तैयार किया।

मुझे तो शेरपुर के जनक पं0 दुल्लह राय शर्मा की वंशावली लिखिनी थी। अतः इस पुस्तक को अधिक तथ्य पर उपयोगी बनाने के लिये ब्राह्मण का इतिहास, भूमिहार ब्राह्मण का उद्भव एवं सांकृत गोत्र भूमिहार ब्राह्मण की उत्पत्ति एवं विस्तार आदि प्रसंग इसमें शामिल किया गया है। इस पुस्तक को अपने कुल जनक पं0 दुल्लह राय को समर्पित किया हूँ। साथ ही साथ वंशावली को एकत्रित करके लिपिबद्ध करने वा



RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2
स्व0 कमला राय को यह पुस्तक प्रति समर्पित किया गया है।

पं0 दुल्लह राय शर्मा की वंशावली तीनों पट्टी की अलग–अलग भाग में लिपिबद्ध किया गया है तथा घरानावार विवरण दिया गया है जिससे किसी भी वंश का कुर्सीनामा आसानी से मिल जाय। इस वंशावली को लिखने में कुछ त्रुटियाँ सम्भव हैं। जिसके लिये मैं क्षमा प्रार्थी हूँ।

इस वंशावली के तैयार कराने में मुझे अनेक व्यक्तियों का सहयोग मिला जिनमें मुख्य रूप से कृष्णादेव राय, उमाशंकर राय (बाम्बे), गंगासागर राय (डाक्टर) सुरेन्द्र राय पुत्र केशव राय, दिनेश चौधरी, अवध किशो राय, सुदर्शन राय, सुरेश राय, हेमनाथ राय शेरपुर खुर्द, गोवर्धन राय शर्मा, मधुमंगल राय पुत्र विजय बहादुर राय, डा0 शारदा चरण राय, पं0 राम सिंहासन मिश्र, भुवनेश्वर राय पुत्र जगत राय सेमरा, वेंकटेश राय शेरपुर खुर्द मुख्य हैं। इनका मैं आभारी हूँ।

शेरपुर की वीर–भूमि नाम से एक स्मारिका का भी प्रकाशन होगा जिसमें अपे पूर्वजों के कृतित्व एवं व्यक्तित्व को दर्शाया जायेगा ताकि भावी पीढ़ी इससे प्रेरणा ग्रहण कर सके। इन पुस्तकों को छपवाने के लिए धन संग्रह किया जा रहा है। इस कार्य में विशेष रुचि दिखाने वाले श्री जयप्रकाश राय (ग्राम प्रधान), श्री सुदर्शन राय, श्री सुरेन्द्र नाथ राय पुत्र केशव राय, श्री हेमनाथ राय शेरपुर खुर्द, श्री भुवनेश्वर राय व नर्वदेश्वर राय सेमरा, श्री उमाशंकर राय (बाम्बे), श्री सुरेश राय, श्री शशिधर राय (टुनटुन राय) श्री गोवर्धन राय, श्री हरिहर राय पुत्र दुबरी राय, श्री मधुमंगल राय प्रभृति कुल सेवकों का विशेष रूप से आभारी हूँ।

"पं0 दुल्लह राय शर्मा की प्रतिमा का निर्माण कराने में मुझे विचार दान एवं अर्थदान देने वालों के प्रति मैं विशेष रूप से आभार प्रकट करता हूँ। श्री हृदय नारायण राय हीवेदार, श्री सुदर्शन राय, श्री मधुमंगल राय, श्रीमती धीरा राय पत्नी श्री सीताराम राय तथा अन्य लोगों ने अपना आर्थिक सहयोग देने का आश्वासन दिया है जिसके लिये मैं विशेष रूप से आभार व्यक्त करता हूँ। मैं अपना पूर्ण सहयोग देने वाले श्री राधाकृष्ण राय (साधू) का विशेष रूप से आभारी हूँ। जिन्होंने अथक प्रयास करके इन सभी लोगों को उपरोक्त महत्वपूर्ण कार्य करने के लिये प्रेरित किया है तथा अपना समय व श्रम दान दिया है। अन्त में पं0 रामसिंहासन मिश्र का


RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2
मैं आभारी हूँ जिन्होंने अपने आशीर्वचन से मुझे इस पुनीत एवं महान का
करने के लिये अपना विचार देकर मुझे प्रेरित किया है।

मैं अपने परिवार के हर सदस्य को धन्यवाद देता हूँ जिन्होंने इ
कार्य को आगे बढ़ाने में मुझे पूर्ण सहयोग दिया है।

पुनः अन्त में ज्ञात—अज्ञात अशुद्धि तथ्यात्मक दोष या मुद्रात्म
त्रुटि के लिये विशेष क्षमा याचना के साथ।

विनीत

चन्द्रबली मिश्र (सांकृत्यायन)

हिरसिंह पट्टी, सुलतान राय घरान

शेरपुर—गाजीपुर



RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

## अपने को जानें,

# हम कौन हैं? कहाँ से आये हैं?

भूमिहार ब्राह्मण की उत्पत्ति के सम्बन्ध में प्राचीन काल से ही अनेक प्रकार की भ्रन्तियाँ विद्वेषवश फैलायी जा रही हैं। मुगल काल में कुछ स्वार्थी एवं कलुषित व्यक्तियों द्वारा बहुत सी किताबें लिखी और लिखाई गईं कि भूमिहार ब्राह्मण नहीं बल्कि ब्राह्मण की सेवा के लिये बनाये गये हैं। ये लोग क्षत्रिय हैं। जैसा कि अन्य ब्राह्मणों तथा दूसरे समाजों को कुछ न कुछ इतिहास लिखा हुआ है। वैसा ही यदि अयाचक ब्राह्मण समाज का भी कोई सच्चा इतिहास होता तो इसकी ऐसी दुर्दशा न होती। सर्व प्रथम सन् 1882 ई0 में अखिल भारतीय भूमिहार ब्राह्मण सभा गठित हुई और इसका पहला अधिवेशन पटना में हुआ। सन् 1913 ई0 में महासभा का अधि ावेशन उत्तर प्रदेश में बलिया में हथुआ नरेश की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ जिसमें पूज्य स्वमी सहजानन्द सरस्वती जी ने भाग लेकर ब्राह्मण धर्म और संस्कृत भाषा पर अपना विचार प्रकट किये। उसी समय स्वामी जी से भूमिहार ब्राह्मण के सम्बन्ध में एक पुस्तक लिखने का अनुरोध किया गया। स्वामी जी लगातार तीन वर्ष तक भारत वर्ष के हर प्रान्त में भ्रमण करके सूचनायें एकत्रित करके सन् 1916 में "भूमिहार ब्राह्मण परिचय" नामक पुस्तक का प्रकाशन कराया। सन् 1925 ई0 में इस पुस्तक का नाम परिवर्द्धन कर ब्रह्मर्षि वंश विस्तर" कर दिया गया। यह पुस्तक लगभग 400 पृष्ठों की है। अखिल भारतीय भूमिहार ब्राह्मण महासभा की तबसे कई बैंठकें हो चुकी हैं। स्वामी जी की पुस्तक के आधार पर बहुत से विद्वानों ने भूमिहार ब्राह्मण की उत्पत्ति के सम्बन्ध में पुस्तकें लिखी हैं प्रकाशित कराई हैं।

सांकृत गोत्रत दण्डी स्वामी विमलानन्द सरस्वती ने शासक शासक, सैनिक, एवं धर्माचार्य ब्राह्मण नामक पुस्तक संवत् 2026 विक्रम (सन् 1969 ई0) लिखा था जिसका प्रकाशन हुआ। यह पुस्तक सन् 1966 में अयोध्या के "आनन्द बिहारी मठ" के उत्तराधिकार सम्बन्धी विवाद को लेकर लम्बित विवाद के प्रसंग में सबूत पक्ष की ओर से लिखी गई थी।



RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मठ के पदासीन महंथ मुंगेर (बिहार) के एक भूमिहार–ब्राह्मण संत महावीर शरण दास थे। प्रतिवादी का कहना था कि ये भूमिहार हैं ब्राह्मण नहीं। सन् 1966 से 1978 ई0 तक यह विवाद अदालत में ऊपर नीचे घूमता रहा। अन्त में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के लखनऊ द्वारा महावीर शरण दास बेंच के पक्ष में निर्णय हुआ कि फैजाबाद जिला जज का फैसला सही है जैसे ब्राह्मणों के विषय में "जातिविलास', जातिभास्कर एवं जाति–निर्णय आदि संकलित ग्रंथ ही प्रमाण है उसी प्रकार भूमिहार ब्राह्मण के विषय में "महर्षि मरीचि प्रणीत "जाति विलास" प्रमाण है। न्यायालय ने यह निर्णय दिया कि 'भूमिहार ब्राह्मण उत्तम ब्राह्मण है।" इसी प्रकार कान्यकुब्ज वंशावली में भी भूमिहार से ब्राह्मण प्रतिपादित किया गया है।

अस्तु यह बात सिद्ध हो गई कि ब्राह्मणों की सभी नूतन संज्ञायें 'यवन काल' में प्रचलित हो गईं। तदनुसार कान्यकुब्ज, सरयूपारी, गौड़, मैथिल, सरस्वत, सनाढ्य, दक्षिणात्य, औदिच्य, जागर, भूमिहार, त्यागी, महियाल, पश्चिमा पालीवाल आदि सभी विभिन्न ब्राह्मण वर्गों का इतिहास, उद्भव आदि एक साथ ही हैं। इन सभी ब्राह्मणों में मिश्र, चौबे, उपाध्याय, दूबे, तिवारी, पान्डे, पाठक, शुक्ल, ओझा, झा, अवस्थी, दीक्षित आदि पदवियाँ पाई जाती हैं। इन विभिन्न नामों से पहले बारवीं शताब्दी तक सबका एक ही नाम ब्राह्मण मात्र ही था।

पन्द्रहवीं शताब्दी में जब मुगलों के राज्य की जड़ अच्छी तरह जम गई तो अपने राज्य के विस्तार तथा कुशल प्रवर्धन के लिये बड़े–बड़े जमींन्दारों एवं रइसों को अपनी ओर उत्साहित करने के लिये सिंह, राय, चौधरी, दीवान, बाबू, शाही आदि पदवियों को प्रदान करना प्रारम्भ कर दिया। जो ब्राह्मण पान्डे, तिवारी, मिश्र, दीक्षित, अवस्थी, आदि उपाधियाँ रखते थे उन्हें भी मुगलों ने राय, सिंह, चौधरी, खां आदि की पदवी मिल जाती थी। बारहवीं शताब्दी तक सभी ब्राह्मण वर्ग केवल ब्राह्मण कहे जाते थे लेकिन याचक ब्राह्मण के एक वर्ग ने मुगल काल में विवाद खड़ा करके अयाजक ब्राह्मण के पूर्व "भूमिहार शब्द जुड़वा दिया। तभी कान्यकुब्जीय अयाचक ब्राह्मण भूमिहार ब्राह्मण कहे जाने लगे।

भूमिहार को बुहत जगह 'भुईहार' भी सम्बोधित किया जाता है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में यह अधिक प्रचलित है। भूमिहार लोग बाभन जमींदार



RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ब्राह्मण, गृहस्थ ब्राह्मण और पश्चिमा ब्राह्मण भी कहे जाते हैं। अयाचक ब्राह्मण प्रथम थोड़े से मदारपुर (कानपुर) के कान्यकुब्ज ब्राह्मण थे परन्तु धीरे–धीरे इनमें धनी और शक्तिशाली अयाचक जमींदार मिल गये जिससे इनकी संख्या ज्यादा हो गई। पूरे देश में इस समय दो करोड़ से ज्यादा भूमिहार ब्राह्मण हैं जो भारतवर्ष के कोने–कोने में सुदूर तक फैले हुंये हैं किनवार, सकरवार, वेमुवार, वरूवार, कस्तुवार, कुढनियाँ, तटिहा, सोन पकरिया, भृगुवंशी, जिझौतिया, दसवार, एक सरिया, सहदौलिया, नकतीवार, करपाई और गौतम आदि इनके गोत्र हैं।

भूमिहार ब्राह्मण का एक सीधा अर्थ भूमि वाला ब्राह्मण है।

भूमि हरति, प्रापयति, वलादधि करोति,
केन चिदु पायेन स्वीकारोति वेति भूमिहार।।

अर्थात् जो ब्राह्मण पृथ्वी के ऊपर अस्त्र–शस्त्र आदि के बल से अधिकार कर ले या किसी उपाये से प्राप्त भूमि को स्वीकार करे वह भूमिहार है। पं0 शिवसम्पति सुजान मिश्र ने अपने ग्रन्थ 'भूमिहार भूसुर भूषण' नामक पुस्तक में लिखा है–

भृगुपति हति क्षत्रिन्, दियो भूमि द्विजादि दान।
भूमिहार भूसुर भये, तबसे जगत प्रधान।।

इसी प्रकार भूमि से सम्बन्ध रखने के कारण पंजाब के अयाचक ब्राह्मण महियाल से मरियाल बन गये। भूमिहार शब्द का प्रयोग बिहार में 1860 ई0 कें पूर्व के कागजातों में नहीं मिलता। उत्तर प्रदेश की सन् 1865 की जनगणना रिपोर्ट में भूमिहार ब्राह्मण शब्द मिलता है। इस्ट इण्डिया कम्पनी के सनदों में हथुआ, टिकरी, बेतिया आदि रियासतों के राजाओं को केवल ब्राह्मण कहा गया है। काशीराज की सनद में लिखा है– राजा मनसा राय वल्द मनोरंजन मिश्र कौम ब्राह्मण। मदारपुर के युद्ध में पराजित होकर कन्नौज के क्षेत्र से आकर काशी क्षेत्र में जौनपुर, आजमगढ़, गाजीपुर व वाराणसी में जा बस गये। वह भूमिहार ब्राह्मण कहलाये।

**सांकृत गोत्रज भूमिहार ब्राह्मणों के सम्बन्ध में फैलाई गई भ्रान्तियाँ–**

सांकृत गोत्रज भूमिहार ब्राह्मण के पूर्वज सोलहवीं शताब्दी के



RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पूर्वार्ध में यवनों के अत्याचार से पीड़ित होकर कान्यकुब्ज क्षेत्र फतेहपुर से पलायन करके कई जगह चले गये। जनश्रुति यह कहती है। काममिश्र, धाम मिश्र व विरनदेव मिश्र तीन भाई थे। इनमें से विरनदेव मिश्र फतेहपुर से गुजरात की तरफ चले गये। काम मिश्र व धाम मिश्र वहाँ से घूमते घामते रेवतीपुर से 7 किमी पूरब सकरा नाम स्थान पर आ बसे। धाम मिश्र वहाँ कुछ दिन रहकर गया तीर्थ करने चले गये और वहाँ से वापस नहीं आये। कालान्तर में यह ज्ञात हुआ कि धाम मिश्र गया जिले के जहानाबाद कस्बे से पूरब 25 किमी0 फालगुनदी के किनारे बस गये और उनका परिवार आज भी कई गाँवों में फैला हुआ है जो अपने को मिश्र लिखता है।

सकरा स्थान पर काम मिश्र बसे और उनका परिवार 3 पीढ़ी तक वहाँ रहा। स्थान परिवर्तन के कारण बहुत से छोटे दलों के नाम जैसे दोनवार, सकरवार, किनवार, वरूआर, वेमुआर, सोनपरवरिया, कुढ़निया, गौतम, भृगवंश, दीक्षित, कौशिक आदि आकर कई स्थानों पर बसे। यह नाम स्थान विशेष में रहने के कारण ही हुये हैं। जैसे क्यूना के दीक्षित, सीरू के अवस्थी, देवकली के पान्डे इत्यादि। यवन काल में इधर उधर भगदड़ मची तो पहचान के लिये डीह या मूल का व्यवहार थोड़े दिन तक चलता रहा। इस तरह फतेहपुर से सकरा आकर बसने के कारण सकराडीहा नाम पड़ा है यहाँ पर बसने वाले भूमिहार ब्राह्मण सांकृत गोत्रज हैं।

**विशेष उल्लेख–**

आचार्य नन्दा जी गहमरी द्वारा कामाख्याधाम–महात्म नामक एक लघु पुस्तिका का प्रकाशन कराकर वितरित की गई है। उसको मुझे पढ़ने का अवसर मिला। "कामाख्या मन्दिर सकरहर का इतिहास" नामक अध्याय में यह उल्लेख है कि सकरहर नाम से गहमर के जमीदारों के 32 मौजों में एक मौजा था। इसे मौंजें की जमीनें गहमर गाँव की थीं। गहमर गाँव के लोगों ने ही मन्दिर की देखरेख के लिये मन्दिर के पुजारी को साढ़े तीन एकड़ जमीन दी थी जो अब मन्दिर की समिति के नाम से है। इसी क्रम में आगे लिखा है कि सन् 1530 ई0 के पूर्व सकरागढ़ पर चेरू राजा शशांक का अधिकार था। तथा वीरपुर और उसके आसपास



RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

टीकमदेव का अधिपत्य था। सन् 1530 ई0 में चैरू राजा को पराजित कर क्षत्रिय सिकरवारों ने अपने अधिकार में ले लिया और सकरागढ़ को गढ़ी के रूप में विकसित कर यहाँ पर रहने लगे। सन् 1700 ई0 तक महाराज धामदेव के वंशज एवं उनके प्रजाजन इसके आस पास के क्षेत्रों पर खेतीबारी कर जीवन यापन करते रहे। उसके बाद सभी लोग सकरागढ़ स्थान को छोड़कर आस पास के क्षेत्रों के बाँट कर जमींदार बन कर रहने लगे। सन् 1707 तक सकरागढ़ केवल डीह रूप में रह गया।

इसी क्रम में यह भी लिखा है कि धामदेवराव बड़े पराक्रमी, रणनिपुण, विवेकी तथा दूरदर्शी व्यक्तित्व के धनी थे। माँ कामाख्या की प्रेरणा से ही धामदेव राव ने मन्दिर का निर्माण कराया। इसी से इस स्थान को कालान्तर में कामाख्या धाम कहा जाने लगा।

**वंश फैलाव–** धामदेव राव के दो पुत्र रूपराम राव तथा दीवान राम राव थे। रूपराम राव के कुँवर शैन्यूमल एवं पूरनमल हुये। शैन्यूमल के छः पुत्र हुये। इन्हीं 6 पुत्रों की सन्तान गहमर क्षेत्र के अनेक गाँव में बसे हैं। इस पुस्तक वर्णन के अनुसार शैन्यूमल के पूरनमल सगे छोटे भाई थे। पूरनमल की तीन पत्नियाँ थीं। इनके सात पुत्र थे जिनके नाम नरहरिदेव, रतनदेव, सहजमल, तेजमल, हिनूदेव, ठकुराईदेव तथा जटामदेव थे। नरहरिदेव बड़े साहसी एवं बहादुर थे। औरंगजेब के शासन काल के समय टांका में फँसने के कारण ये इस्लाम धर्म में जाने को मजबूर हुये। इनके वंशज 16 गांवों में बसे हैं। जिन्हें कमसार कहते हैं। ये सिकरवार पठान हैं।

**सिकरवार भूमिहार–** इसी पुस्तक में यह उल्लेख है कि पूरनमल के बाकी 6 पुत्रों ने भूस्वामी के अर्थ में अपने को राय" कहने में गर्व महसूस करने लगे और जमीन्दारी के प्रभाव के कारण "राय" शब्द जनप्रिय हो गया। इन्हीं 6 भाईयों के वंशज रेवतीपुर, हरिहरपुर हसनपुर, वसुका, शेरपुर, रामपुर, सेमरा, अहठ्ाठा, उघरनपुर, वच्छलपुर, पकड़ी आदि गाँवों में बसे हैं। ये सभी लोग सकरतट (सकरागढ़) से जाकर बसे हैं। पूरनमल के वंशज पच्चीस हजारी कहलाते हैं। सन् 1707 ई0 में सभी लोग सकरागढ़ से जाकर बाहर बसे। ऐसी ही मनगढ़न्त, भ्रामक असत्य तथा तथ्यहीन भ्रान्तियाँ भूमिहार ब्राह्मण के सम्बन्ध में कई सौ वर्षों से फैलाई जाती रही हैं। इन सभी भ्रान्तियों का निवारण स्वामी सहजानन्द सरस्वती जी ने



RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अपनीं बहुचर्चित पुस्तक सन् 1916 में भूमिहार ब्राह्मण परिचय प्रकाशन कराकर कर दिया था। पुनः 1925 ई0 में अपनी वृहद् पुस्तक ब्रह्मर्षि वंश–विस्तर'' का प्रकाशन कराकर उन्होंने सभी प्रकार की भ्रान्तियाँ दूर कर दी और यह प्रमाणित रूप में लिखा है कि भूमिहार ब्राह्मण कान्यकुब्ज ब्राह्मण की ही शाखा है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भी इन भ्रांतियों को अपने फैसले से दूर कर दिया है। स्वामी जी ने अपनी पुस्तक में सकरवार भूमिहार ब्राह्मण को फतुहाबादी मिश्र माना है जिनके पूर्वज सन् 1530 के लगभग फतेहपुर जनपद से आकर जमानियाँ तहसील के सकरा नामक स्थान पर बसे थे।

इसी क्रम में स्वामी विमलानन्द सरस्वती ने अपनी पुस्त सैनिक, शासक तथा धर्माचरण ब्राह्मण'' में सांकृत गोत्री भूमिहार ब्राह्मण की उत्पत्ति तथा विस्तार का उल्लेख करके ऐसे अनर्गल प्रचार को समाप्त कर दिया है। सांकृत गोत्रज भूमिहार ब्राह्मण वंशावली से यह स्पष्ट हो गया है कि शैन्यमूल फतुहाबादी काममिश्र की संतान थे जो प्रतिलोम शादी कर लिये थे जिससे वे क्षत्रिय हो गये। इन्हीं शैन्यूमल के वंशज गहमर गाँव के तथा अन्य कई गाँव के लोग हैं वास्तव में ये लोग सीकरवार न होकर सकरवार क्षत्रिय हैं। गहमर गाँव में राय पट्टी लिखी जाती है।

इनका यह कहना कि ये लोग धामदेव राव के वंशज है सही नहीं लगता। वास्तव में 1530 ई0 के लगभग कामदेव मिश्र व धामदेव मिश्र दो भाई सकरा नाम स्थान पर आये थे। धामदेव मिश्र कालान्तर में गया तीर्थ करने गये और पुनः वापस नहीं आये। ज्ञात हुआ कि वे गया जिले के जहानाबाद कस्बे से 25–30 किमी पूरब फाल्गु नदी के किनारे जाकर बसे गये थे। वहाँ उनके वंशज के लोग निवास करते हैं, और अपने को मिश्र लिखते हैं।

आइने अकबरी में जिन जमीन्दार ब्राह्मणों की चर्चा है वे भूमिहार तो हैं ही उनमें प्रधान सकरवार ही हैं। जिनका गाजीपुर के सकरवार के सिलसिले में वर्णन आया है। खासकर मदन बनारस (जमानियाँ) और चौसा परगना की जमींदारी इन्हीं की थी। स्वामी विमलानन्द सरस्वती की उपरोक्त पुस्तक के अनुसार सकरवार भूमिहार ब्राह्मणों की जमीन्दारी 65584 विगहा की थी और मालगुजारी 2,76000 दाम थी।



RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सांकृत कुल ने विद्या, तपस्या तथा वीरता सभी क्षेत्रों में अपना चमत्कार दिखाया है। इस कुल परम्परा में वर्तमान युग में बहुत से दण्डि सन्यासी हुये हैं। जिन्होंने अपनी तपस्या, त्यागवृत्ति और सेवा से भूमिहार ब्राह्मण की मर्यादा की रक्षा की है और वंश के गौरव को बढ़ाया है।इनमें पहले दण्डि स्वामी अच्छुता नन्द सरस्वती हुये। इनका संन्यास काल वि0सं0 1950 फाल्गुन कृष्ण शिवरात्रि है। ये गाजीपुर जिले के रामपुर ग्राम के निवासी फतुहावादी सांकृत गोत्रीय ब्राह्मण थे।

(2) इसी गाँव के दूसरे दण्डि स्वामी सर्वज्ञानन्द सरस्वती सांकृत गोत्र के थे। इनका संयास काल वि0 स0 1951 फाल्गुन कृष्ण पंचमी था।

(3) रामपुर गाँव के ही सांकृत गोत्रीय फतुहावादी मिश्र दण्डि स्वामी परमानन्द सरस्वती हुये इनका संन्यास काल वि0 स0 1970 फाल्गुन शुक्ल तृतीया है। इन्होंने "सांकृत गोत्रीय भूमिहार ब्राह्मण विस्तार" नाम की पुस्तक भी लिखा है।

(4) गाजीपुर के हरिहरपुर के निवासी सांकृत गोत्रीय फतुहावादी मिश्र ब्राह्मण दण्डि स्वामी मकसुदनानन्द सरस्वती हुये। इनका सन्यास काल वि0 स0 1995 माघ शुक्ल अचला सप्तमी है।

(5) वर्तमान में जीवित दण्डि स्वामी विमलानन्द सरस्वती सांकृत गोत्रीय भूमिहार ब्राह्मण चौसा परगना के मगराँव गाँव के निवासी हैं।

शेरपुर गाँव के के भी कई ख्याति प्राप्त साधु सन्यासी हुये हैं। जिनमें सन्त सुखराम दास व रामेश्वरानन्द व शौनक ब्रह्मचारी ने काफी ख्याति प्राप्त की थी।

दण्डि स्वामी विमलानन्द सरस्वती ने अपनी पुस्तक "सैनिक शासक व धर्माचरण ब्राह्मण" में सांकृत गोत्र के उद्‌भव एवं विस्तार के सम्बन्ध में निम्न विवरण लिखा है।

ब्रह्मा के पुत्र. भृगुवंश में सांख्यायन ऋषि हुये। इनके गगन या गौर्वे तथा सांकृत हुये। इनके जीवश्व तथा इनके वंश में पृथ्वीधर बड़े पराक्रमी हुये। पृथ्वीधर को बुलाकर कौशिकपुर के राजा ने 'अवस्थ यज्ञ' किया और पृथ्वीधर को अवस्थी कहा। इसी वंश में आगे चलकर क्षत्रपति के तीन पुत्र गंगा राम, माधव राम व शालग्राम हुयें। गंगाराम बड़े तपस्वी



RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

और प्रतिभाशाली थे। वे "छिन्नमस्ता" (दश महाविद्या) देवी के उपासक थे। गंगा राम फतेहपुर जिले के खजुहा गाँव में बसे थे बाद में अकबर राजा के शासन काल में इस गाँव का नाम "फतुहाबाद" पड़ गया। यहाँ के कान्यकुब्ज ब्राह्मण फतुहाबादी मिश्र कहलाते थे। ये कान्यकुब्ज ब्राह्मण में उत्तम माने जाते हैं। ये षटटकुल में हैं इन मिश्र ब्राह्मणों की मर्यादा 20 विस्वा है। इस गोत्र में दो मूल के ब्राह्मण है। फतुहाबादी मिश्र, सकरवार सरयूपारियों में गये शाखा के लोग भलाँव के पान्डे कहे जाते हैं सकरवार मूल वाले फतुहाबाद के मिश्र ब्राह्मणों के मूल पुरुष कान्यकुब्ज देश से दो भाई काम मिश्र और धाम मिश्र इधर आये। ये बड़े शूरवीर तपस्वी एवं विद्वान ब्राह्मण थे। गाजीपुर जिले में गंगातट पर ये लोग सकराडीह पर पहले आकर बसे। इस वंश के ब्राह्मण शासक सेनापति और सूरवीर होते आये हैं।

सांकृत गोत्रज ब्राह्मण की उत्पत्ति का मूल स्थान काश्मीर बताया जाता है। हजारों वर्ष पूर्व सांकृतऋषि की वंश परम्परा में निर्मल ऋषि हुये थे। जिनका कार्य क्षेत्र काश्मीर था। दशवीं शताब्दी में काश्मीर, पंजाब और काबुल में ब्राह्मणों का राज्य था। बारहवीं व तेरहवीं शताब्दी में यवनों के आक्रमण से आक्रांत काश्मीर के ब्राह्मण दक्षिण दिशा में मैदान में चले आये जैस इस समय आतंकवादियों के डर से कश्मीरी पंडित वहाँ से हट गये हैं। ऐसी सम्भावना प्रबल है कि ये लोग काश्मीर से कुछ काल तक आगरा में भी बसे हों। चौदहवीं शताब्दी में मुगलों का अत्याचार पूरे देश में फैल गया था। सन 1414 ई0 के बाद दिल्ली के सलतनत का पतन हो गया था। उस समय सकरवार ब्राह्मण वहाँ से मध्य गंगाघाटी में कान्युब्ज क्षेत्र चले आये होंगे क्योंकि उस समय यहाँ पर ब्राह्मणों का राज्य था। कान्य कुब्ज क्षेत्र कानपुर, फतेहपुर, सीतापुर, आदि स्थानों तक फैला था। सांकृत भूमिहार ब्राह्मण के पूवज अपनी जनश्रुति में अपने को आगरा से आना बताते रहे हैं। यद्यपि इसका कोई सही प्रमाण नहीं है। सकराडीह से सांकृत गोत्रज भूमिहार ब्राह्मण का विस्तार हुआ है। यह प्रमाणित है कामाख्याधाम इन्हीं भूमिहार ब्राह्मणों का पूजा स्थल रहा है। आज भी विहार प्रान्त, गाजीपुर जनपद में तथा अन्यत्र बसे इस गोत्र के भूमिहार ब्राह्मण अपने पुत्रों का मुंडन संस्कार कामाख्याधाम मन्दिर पर ही कराते



RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

शेरपुर का प्राचीनतम बैलगाड़ी युग, सामान ढुलाई तथा बारात ले जाने में प्रयोग होता था

गंगा नदी में नौका द्वारा उस पार जाते लोग

शेरपुर के पुरानी कांवर और कहार की व्यवस्था का चित्रण



इस गाँव की प्राचीनतम व्यवस्था डोली और कहार

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2
हैं। विदेशों में बसे इस गोत्र के लोगों के बच्चों का मुंडन संस्कार भी यहीं होता है। दण्डि स्वामी परमानन्द सरस्वती ने सांकृत गोत्र वंश विस्तार नामक एक लघु पुस्तिका लिखी थी जिसका प्रकाशन बहुत पहले हुआ था। उन्होंने बिहार प्रदेश के कई जनपदों तथा गाजीपुर के सांकृत गोत्रज गाँवों का भ्रमण करके सांकृत गोत्रीय वंशाली तैयार किया था। उसी को आधार मानकर इस पुस्तक में सांकृत गोत्रीय भूमिहार ब्राह्मण विस्तार का वर्णन किया गया है।

**सांकृत गोत्रीय वेद, उपवेद आदि–**

सांकृत गोत्र का वेद यजुर्वेद है, उपवेद–धनुर्वेद है मध्यान्दिनीय शाखा, तथा कात्यायन सूत्र है। प्रवरतीन सांकृति के सांकृति, साख्ययन, किल या शक्ति, गौरूवार सांकृति या अंगिरस, गौरूयसि, सांकृति तीन प्रवर हैं। दाहिनी शाखा, दाहिना पांव तथा शिव देवता हैं। यह प्रत्येक सांकृत गोत्र के ब्राह्मण को स्मरण रखना चाहिये।

**गोत्र प्रवर, और साधारण गोत्र–**

विवाह आदि संस्कारों में और साधारणतया सभी धार्मिक कामों गोत्र प्रवर और शाखा आदि की आवश्यकता हुआ करती है। गोत्र नाम है कुल संतति, वंश, वर्ग का। तपस्वी और मेधावी ऋषियों के वंश का विस्तार हुआ। जिस ब्राह्मण के जो ऋषि गोत्र हैं उन्हीं के वंश में उनकी उत्पत्ति मानी गई है। अन्य जातियों के गोत्र उनके पुरोहित गोत्र से स्थिर हुआ है। पुरोहित गोत्र ही उनके यजमान का गोत्र माना गया है। आठ ऋषियों को गोत्रों का प्रधान प्रवर्तक माना गया है, विश्वामित्रो, जगदग्नि, भरद्वाजोऽय, गौतमः, अत्रिवशिष्ठ, कश्यप इत्येते सप्तर्षयः, सप्तानां ऋषिणां अगस्तय ये आठ गोत्र प्रवर्तक ऋषि हैं। भृगु और अंगिरा दो ऋषियों को और गोत्र प्रवर्तक माना गया है इस प्रकार दश ऋषियों को मत्रं द्रष्टा माना गया है जिससे गोत्रों की संख्या बढ़ गई है। इस समय भारतवर्ष में 80 से 100 गोत्र हैं।

पुनः अंगिरा की परम्परा से (1) अयास्थ, उतच्यं (2) वाम्देव (3) औशिज (4) भारद्वाज (5) सांकृत (6) गर्ग (7) कष्यरेथीतर (8) मुद्गाल (7) विष्णुवृद्ध (10) हरीत (11) कृपि (12) रक्ष भारद्वाज (13) आर्षभ



RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(14) कितव इस प्रकार 33 ऋषिमंत्र कृत कहलाते हैं। इन्हें अंगरिस कहते हैं। इसलिये सांकृत ऋषि अंगिरा के वंशज हैं। श्लोक–

काश्यपेषु वशिष्ठेषु भृग्वांशीरोऽभिषु
पश्चसु एतेषुजापन्त गोत्रेषु ब्रह्मवादिनः ।

उक्त श्लोक से यह स्पष्ट है कि ब्रह्मवादियों में सांकृति ऋ अंगिरा के गण होने से ब्रह्म वेता भी हुये। उपर्युक्त प्रमाणों से म सांकृति का मंत्रद्रष्टा भी होना सिद्ध है। वेदों का जो समाधि साक्षात्कार करते हैं वे मंत्र द्रष्टा कहलाते हैं। उपर्युक्त प्रमाणों से म सांकृति का मंत्रद्रष्टा होना और ब्रह्मवादी गोत्र के होने के कारण ब्रह होना भी सिद्ध है।

कान्यकुब्ज वंशावली में सांकृत गोत्र के वर्णन में यह आया है ब्रह्मा से सांख्यायन और सांख्यायन के संकृति हुये। इस गोत्र के अंगिर गौरवीत, तथा सांकृति तीन प्रवर हैं। सकरवार, मलैया पान्डे, फतुहाब मिश्रा आदि गोत्र के ब्राह्मण हैं। सांकृत गोत्र का वेद यजुर्वेद, उपवेद–धनु मध्यादिनी शाखा तथा कत्यायनी सूत्र है। दाहिनी शाखा दाहिना पांव त शिव देवता हैं यह प्रत्येक सांकृत गोत्र के ब्राह्मण को स्मरण रख चाहिये। बहुत लोगों का यह मत है कि ब्राह्मण होते हुये भी पुरोहिती क नहीं करना चाहिये क्योंकि पुरोहिती कभी भूमिहार ब्राह्मण नहीं करते दण्डि स्वामी परमानन्द सरस्वती ने इस धारणा को निर्मूल बताया प्राचीन काल से ही भूमिहार ब्राह्मण दान लेते आये हैं। राजा जयचन्द समय में भी काशी नरेश के पूर्व पुरुष श्री कृष्ण मिश्र (कित्यू मिश्र) राजा एक गाँव दान में दिया था। झारखण्ड के हजारी बाग जिले प्राचीन काल से ही भूमिहार ब्राह्मण पुरोहिती कार्य करते रहे हैं। अब प्रायः प्रत्येक जिले में जहाँ जहाँ भूमिहार ब्राह्मणों का निवास है अपने लं अपने ही समाज के पुरोहित और गुरु बनने लगे हैं। भूमिहार ब्राह्मणों द्वा कई सांकृत पाठशालायें अपने समाज के लिये चल रही हैं। शेरपुर गां के गोवर्धन शर्मा सेमरा तथा बिहार के सिमरी गाँव में पुरोहिती का कार्य करते हैं। इसी गाँव के डा0 गंगासागर राय पुत्र रामवरन रा हिरसिंह राय पट्टी, रुद्रसिंह घराने के संस्कृत के उद्भट विद्वान हैं और महाराज काशीनरेश के रामनगर में संस्कृत में शोध कार्य करते रहे है



RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

इसी गाँव के पं0 रामसिंहासन मिश्र दूर–दूर तक के स्थानों पर यज्ञ कराने व जप का अनुष्ठान कराने व अन्य पूजन कराने जाते हैं। ये नारायणबलि की पूजा कराने में पारंगत हैं। यही नहीं सन्यासी समाज से दण्ड बांधने का अधिकार भी प्राप्त है ये हर वर्ष कुछ साधुओं को दण्ड भी बाँधते हैं। पढ़ना, पढ़ाना, दान देना, दान लेना, यज्ञ करना और यज्ञ कराना ये सब कार्य ब्राह्मणों के हैं अध्यापन, यज्ञ कराना और विशुद्ध प्रतिग्रह ये तीन कर्म ब्राह्मणों की जीविका के लिये हैं।

**ब्राह्मण धर्म–** नैमाषिकों के अनुसार जीवधारियों में सभी मनुष्यएक जाति के हैं क्योंकि सभी मनुष्यों की उत्पत्तिं एक समान ही है। हाँ शारीरिक बनावट के अन्तर के कारण उनमें भी विभेद पाया जाता है। कहा जाता है कि सृष्टि के आदि काल में मनु (पुरुष) और शतरूपा (स्त्री) दो ही थे। इन्हीं से सम्पूर्ण सृष्टि की वृद्धि हुई है। ब्राह्मणस्यां ब्राह्मणों नैवमुत्यत्रौ ब्राह्मणा स्मृतः। अर्थात् ब्राह्मणी के रज और ब्राह्मण के वीर्य से जो विधिवत उत्पन्न होता है उसे ब्राह्मण कहते हैं। ब्राह्मणों को सभी जीवधारियों और मनुष्यों में श्रेष्ठ माना गया है।

भूतानां प्राणिनः श्रेष्ठाः प्राणिनां वुद्धि जीविनः
वुद्धिमत्सु नराः श्रेष्ठाः नरेषु ब्राह्मणा स्मृता।

अर्थात् जीवों में प्राणधारी, प्राणधारियां में बुद्धिमान, बुद्धिमानों में मनुष्य तथा मनुष्यों में ब्राह्मण श्रेष्ठ है।

**ब्राह्मण कर्म–** शास्त्रों के अनुसार मोह, अहंकार, संग, परिग्रह, राग, द्वेष आदि से मुक्त तथा सत्य इंन्द्रिय निग्रह और सब जीवों पर दया करने वालों को सच्चा ब्राह्मण कहा गया है।

निर्ममो, निरहंकारो, निःसंगो निः परिग्रह।
रागद्वेष विनिर्मुक्त देवा ब्राह्मणं विप्रः।
सत्यव्रत तपो ब्रह्म, ब्रह्म चेन्द्रय निग्रहः
सर्वभूते दया ब्रह्म एतद् ब्राह्मण लक्षणम्।

मनुस्मृति में ब्राह्मण के छः गुण बताये गये हैं जैसे–

अध्यापनमध्यनं याजनं तथा



RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

दान प्रतिग्रहचैव विशुद्धाच्च प्रतिगहः।

अर्थात पढ़ना, पढ़ाना, यज्ञ करना, यज्ञ कराना, दान तथा प्रतिग्र लक्षण ब्राह्मण के है।

अत्रि स्मृति में लिखा है कि–

कर्म विप्रस्य यजनं दानमध्यनं तप।

प्रतिगंह अध्यापनं च याजने चेति ब्राह्मस्थः।

ब्राह्मण के छः उपरोक्त प्रमुख कर्मों के अतिरिक्त "पराशर स्मृ के अनुसार ब्राह्मणों के छः कर्म इस प्रकार हैं–

सन्ध्या स्नानं जपो होमो देवतानाम च पूजनम्।

आतिथ्यं वेश्वदेवं च षट्कर्मणि दिने–दिने।।

अर्थात दिन रात्रि की संध्या और स्नान गात्री जप अग्नि होम दे का पूजन, आतिथ्य सत्कार वैश्व देव ये छः ब्राह्मण को नित्य कर चाहिये। ब्राह्मण का आधार उसकी सात्विक वृत्ति तथा उसका निश्च स्वभाव है। ब्राह्मण को चाहिये कि वह सदा वेद का अभ्यास करता तथा ज्ञान का अर्जन करता रहे। वह उसका तप है। ब्राह्मण का क पढ़ना, पढ़ाना, यज्ञ करना और कराना, दान देना और दान लेना है पर दान का अवसर प्राप्त होने पर भरसक प्रयत्न यही करे कि दान न क्योंकि दान ग्रहण करने से उसका ब्रह्म तेज कम हो जाता है। जैसा मनु जी ने कहा है–

प्रतिग्रह समर्थोऽपि प्रसंग तत्र वर्जयते।

प्रतिग्रहे ग्रहन्तु ब्रह्मतेजं दुष्य जीवनम्।।

आगे शास्त्रों में ब्राह्मण के कुछ लक्षण इस प्रकार बतलाया ग है। परम्परा से (गुण, कर्म और धर्म) ब्राह्मण बुद्धिमान, विद्वान, अ अध्यात्मिक व्यक्ति है। वह सत्य व धर्मावलम्बी होता है। सिर पर चो रखता है, माथे पर तिलक तथा गर्दन से कमर तक जनेऊ पहनता है। व कर्तव्य, अनुशासन और समर्पण के गुणों का अवतार होता है। वह जीव पर्यन्त ज्ञान को खोजने वाला होता है। ब्राह्मण अपने घर में जन्में बच्चे क शुद्ध, वैष्णवी, सात्विक और वौद्धिक एवं कलात्मक उपविधियों से यु



RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

करता है।

**ब्राह्मण के भेद–**

ब्राह्मण अपनी सुविधा के अनुसार अलग–अलग वेदों को अध्ययन करने लगे और वे उसी के अनुसार ययुर्वेदी, सामवेदी आदि कहलाने लगे। जो अपने शिष्यों को वेदों का मंत्र एवं व्याकरण को पढ़ाता है उसे उपाध्याय कहते हैं। जो ब्राह्मण चारों वेदों का ज्ञाता हो उसे "चतुर्वेदी" जो तीन वेंदों का ज्ञाता हो उसे 'त्रिवेदी" जो दो वेदों का ज्ञाता हो उसे "द्विवेदी" तथा जो थोड़ा थोड़ा सभी वेदों को पढ़ता और पढ़ाता हो उसे "मिश्र" कहा गया। कालान्तर में उपरोक्त चतुर्वेदी, त्रिवेदी, द्विवेदी पदवियाँ विगड़कर चौबे, तिवारी और दूबे हो गई। शुद्धता के साथ राज्य करने में दक्षता प्राप्त करने वाले को "वाजपेयी" तथा अग्नि में हवानादि कार्य करने वाले पुनीत ब्राह्मण को अग्निहोत्री व "अवस्थी" कहा गया है। राजा प्रजा के यहाँ छोटे छोटे यज्ञ आदि संस्कार करने वाले 'दीक्षित' कहलाते हैं।

भौगोलिक कारणों से भी स्थान, काल या देश के नाम पर उनके नामकरण भिन्न–भिन्न हुये और एक ही तरह के ब्राह्मण आपस में विभेद करने लगे जैसे मैथिल, गौड़, कान्यकुब्ज, सरयूपारीण, सनाड्य, जुझौतिया, भूमिहार, त्यागी, मोहियाल, चितपावन, अनाविल, नम्बूदरी, आदि। हांलाकि वैदिक काल या मनु तक देशपरक या कर्म के अनुसार नाम नहीं था। और न मिश्र, पान्डेय, उपध्याय, द्विवेदी, त्रिवेदी, चतुर्वेदी आदि नाम आकर ब्राह्मणों के लिये मात्र विप्र, द्विजोत्तम आदि शब्द हैं अतः विदित है कि सभी मूल में ब्राह्मण ही हैं। उपरोक्त पदवियाँ तो बाद में व्यवस्था, सुविधा एवं परिस्थिति वश बनाई गई हैं।

**देश काल के अनुसार ब्राह्मणों में विभेद–**

आदि शंकर (788–820 ई0पूर्व) जिनका मूलनाम उमादत्त शर्मा था ने ब्राह्मण का वर्गीकरण करते हुये संस्कृतियों के विभाजन रेखा के रूप में मध्यभारत में विद्यमान विन्ध्याचल पर्वत के उत्तर में बसने वाले ब्राह्मण को "गौड़ ब्राह्मण" तथा दक्षिण में बसने वाले ब्राह्मण को "द्रविण' ब्राह्मण कहते हैं।

सारस्वतः कान्यकुब्जः गौडश्च मैथिलोत्मः



RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

गौड़ पन्च समाख्याता विन्ध्यामोत्तर वासिन:

अर्थात्– विन्ध्याचल के उत्तर में निवास करने वाले सारस्व कान्यकुब्ज, गौड़, मैथिल और उत्कल (उड़िया)। ये भेद गौड़ ब्राह्मणों हैं। तथा

"कर्नाटश्चक तैलंगा: द्रविण महाराष्ट्रका:
गुर्जराश्चेति पन्चैव, द्रविड़ा विन्ध्य दक्षिणो।।

कर्नाटक, तैलंग, द्रविण, महाराष्ट्र और गुजरात मं पांच भेद द्रवि ब्राह्मण के हैं।

इन उपर्युक्त दस भेदों के अतिरिक्त शाकद्वीपी, कौंचद्वीपी आ भी ब्राह्मणों के विभेद हैं। सरयूपारी, सनाड्य, भूमिहार, जिझौतिया, आ चितपावन ब्राह्मणों में भी अनेक भेद हैं।

**कान्यकुब्ज ब्राह्मण**– कान्यकुब्ज एक क्षेत्र का नाम था जो उत्तर प्रदे के कानपुर, फतेहपुर, हरदोई, इटावा, लखनऊ, उन्नाव, राय बरेल र्स...पुर, फरुखाबाद, शाहजाँपुर, आगरा जिले आते थे! इस क्षेत्र निवास करने वाले ब्राह्मणों को कान्यकुब्ज कहा गया है। तेरहवीं त चौदहवीं शताब्दी तक यहाँ ब्राह्मणों का राज्य था। सन् 1526 ई0 ब्राह्मणों का मुगल बादशाह बाबर के सैनिकों से भयानक युद्ध हुअ मुगलों की सेना अस्त्र–शस्त्र से सुसज्जित थी। अत: ब्राह्मण परास्त गये और अधिकांश लोग मौत के घाट उतार दिये गये। जो ब्राह्मण श बचे, पूर्व काशी क्षेत्र की तरफ पलायन किये और गाजीपुर जनप आजमगढ़, गोरखपुर, देवरिया तथा बिहार के कई जिलों में जाकर ब गये। इन क्षेत्रों में जो भी ब्राह्मण हैं इनमें अधिकांश कान्यकुब्ज ब्राह्मण व शाखा है जो सकरवार, किनवार, वेमुआर, दोनवार, कस्तुवार, आदि अने गोत्रज हैं।

भूमिहार ब्राह्मण के सम्बन्ध में यह उल्लेख है –

भारत में एक ऐसी जाति निवास करती है जिसमें क्षात्र–बल त ब्रह्म तेज दोनों समान अनुपात में पाया जाता है। जब वह अन्याय औ उत्पीड़न देखती है तो उसकी धमनियों में तप्त रक्त प्रवाहित होने लग है और वह भगवान परसुराम बनकर निरंकुश शासकों का इक्कीस ब



RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

संहार करती है किन्तु जब कभी भारत का दार्शनिक चिन्तन मतमतान्तर एवं कपोल कल्पित मिथ्याडम्बर से झंझावात में आच्छादित हो जाता है तब यह पुनः स्वामी दयानन्द सरस्वती तथा स्वामी सहजानन्द सरस्वती बनकर अपनी ऋतम्भरा प्रज्ञा के द्वारा समाज की आध्यात्मिक चेतना का केन्द्र बिन्दु बन जाती है।

**वेद के पाँच आदेश हैं–**

1. अक्षैर्मादिव्यः कृषिमित्कृपस्व वित्ते रमस्व वहुमन्य मानः। तत्र गावः कितव तत्र जाया, तन्मे विचष्टे सविताय मर्यः (ऋ0वे0)

   1. जुआ मत खेलो 2. कृषि कर 3. अपने धन पर ही संतोष कर 4. गौओं का पालन कर 5. पत्नीव्रत रहें।

2. शतहस्त समाहर – सहस्रस्य हस्त संकिर, सौ हाथों से संग्रह करो और हजार हाथों से दान करो।

3. या भ्राताः भ्रातरं दिक्षन मा स्वसारयुतं स्वसा। (अर्थववेद)

   भाई भाई से द्वेष न करे , बहिन बहिन से द्वेष न करे।

4. **भूमि हमारी माता है और हम उसके पुत्र हैं (वेद)**

– स्वर्ग या नरक कहीं अन्यत्र नहीं, उसका निवास हमारे विचार में है। (स्वामी विवेकानन्द)

– विश्वासघात का प्रायश्चित नहीं होता है। (हक्सले)

– बड़प्पन धन से नहीं, हृदय की विशालता से आती है।

– सहनशीलता मानव की पराकाष्ठा है। (सुकरात)

– प्रायः सायं नियमित संध्या करने वाला ही ब्राह्मण होता है। (स्वामी सहजानन्द सरस्वती)

– स्वाध्याय से ब्राह्मणत्व की प्राप्ति होती है। (डा0 राधाकृष्णन)

**साधारण होम विधि–** सभी होम प्रारम्भ में सात प्रायश्चित आहुतियाँ और पांच पंचवारूणी कुल बारह आहुतियाँ दी जाती हैं। वह इस प्रकार हैं–

1. ऊँ प्रजापते स्वाहा इदं प्रजापतये नमम्।



RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

2. ऊँ इन्द्राय स्वाहा इदं इन्द्राय नमम्।

3. ऊँ आग्नेय स्वाहा इदं आग्नेय नमम्।

4. ऊँ सोमाय स्वाहा इदं सोमाय नमम्।

5. ऊँ भू: स्वाहा इदं अग्नेय नमम्।

6. ऊँ भुवः स्वाहा इदं वायवे नमम्।

7. ऊँ स्वः स्वाहा इदं सूर्याय नमम्।

इसके बाद नीचे लिखे मंत्र पढ़कर जल छिड़कें या केवल मंत्र पढ़ दें। यथावाया प्रहाराणां कवचं वारकं भवेत्। तद्वछैवोप – धाता शान्तिभर्वति वारिका। शान्तिरस्तु पुष्टिस्तु वृद्धिस्तु यत्पापं तत्प्रतिहतम द्विपदे चतुष्पदे सुशान्तिर्भवतु।

1. ऊँ त्वन्नो अग्नेवरूणास्य विद्वान्देवस्य, हेडो अवयासिसीष्ठा। यजि वहिनतमः शोशुचानो विश्वाद्वेषासि प्रभुमुग्धास्स्सत् स्वाहा इदमग्नी वरूणाभ नमम्।

2. ऊँ सत्यन्नोऽअग्नेवमोभवोति नेदिष्ट अस उषसो व्युष्टौ।। अवयक्ष्व वरुणं रण्णो वीहि मृडीकं सुहवो न एधि स्वाहा इदमग्नी वरूणाभ नमम्।

3. ऊँ अयाश्चाग्नेस्यनभि शस्ति पाश्च सत्यमित्वमयाअसि। अयसो यः वहोस्ययानो धेहि भेषजं स्वाहा इदमग्नेय नमम।

4. ऊँ येते शतं ये सहस्त्रं यज्ञियाः पाशा वितता महान्तः। तेमिर्नोऽअ सवितोत विष्णुर्विश्वे मुच्चन्तु मरुतः स्वर्का स्वाहा इदं वरुणाय सवि विष्णवे विश्वेभ्यां देवेभ्यो मरुद्‌भयः स्वर्केभ्यश्च नमम।

5. ऊँ उद्त्तमं वरूणापाशमस्यरत्वाधवं विमध्यमं श्रयास। अथवयमांदत्य व्र तवानागसोऽअदितये स्याम स्वाहा इदं वरूणाय नमम।

इसके बाद थोड़ा जल गिराकर नवग्रह आदि देवताओं के नाम लेकर और जिस देवता का होम करना हो उसका भी नाम लेकर स्वाहा शब्द के साथ चतुर्ध्यन्ता उच्चारण करके आहुतिया देवें और पूर्णाहुति करें।

होम के आरम्भ में संकल्प करके होम शुरु करें और अंत में भी



RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पूर्णाहुति का संकल्प करें।

**ब्राह्मण को प्रातः तथा सायं गायत्री मंत्र का जप करना चाहिये।**

ॐ भू भर्वः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।

आध्यात्मिक दृष्टिकोण का अर्थ है मन की उच्च भूमिका में प्रवेश करना। आध्यात्मिक दृष्टिकोण को प्रकट करने वाला एक अत्यंत संक्षिप्त साधन है और वह है अपनी आत्मा का विकास। शक्ति का एक वृहत्त् परिमाण इस भंडार में एकत्रित है, उसे संकल्प, सूचना तथा मनोबल से विकसित करना पड़ता है। हमारी आत्मा में महान शक्ति इसीलियें दी गई है कि हम उसका जितना भी संभव हो सदुपयोग करें, उससे यथेष्टलाभ उठायें और उस अनंत चेतन तत्व की समीची रूप से अभिवृद्धि करें।

**गायत्री मंत्र के जप से यह संभव है।**

**मानसिक पूजा विधि–** आज मानव जीवन इतना व्यस्त हो चुका है कि उसे अपने दैनिक जीवन में पूजा उपासना के लिये समय ही नहीं मिलता। अल्पावधि में मानसिक पूजा की विधि दी जाती है। एक ही स्थान पर बैठे–बैठे भक्त पूर्ण रूप से पूजा कर सकता है।

1. ॐ पादयोः पाद्यं समर्पयामि नारायणाय नमः।

इस मंत्र को बोलकर शुद्ध जल से श्री भगवान् के चरण–कमलों को धोकर उस जल से अपने मस्तक पर धारण करना।

2. ॐ हस्तयोर्ध्यं समर्पयामि नारायणाय नमः।

इस मंत्र को बोलकर श्री हरि भगवान के हस्त कमलों पर पवित्र जल छोड़ना।

3. ॐ आचमनीयं समर्पयामि नारायणाय नमः।

इस मंत्र को बोलकर श्री नारायण देव को आचमन करना।

4. ॐ गन्धं समर्पयामि नारायणाय नमः।

इस मंत्र को बोलकर श्री हरि भगवान के ललाट पर रोली लगाना।



RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

5. ऊँ मुक्ताफलं समर्पयामि नारायणाय नमः।

इस मंत्र को बोलकर श्री भगवान के ललाट पर मोती लगाना।

6. ऊँ पुष्पं समर्पयामि नारायणाय नमः।

इस मंत्र को बोलकर श्री भगवान के मस्तक पर और नासिका के सामने आकाश पुष्प छोड़ना।

7. ऊँ मालां समर्पयामि नारायणाय नमः।

इस मंत्र को बोलकर पुष्पों की माला श्री हरि के गले में पहनाना।

8. ऊँ धूपमाघ्रापयामि नारायणाय नमः।

इस मंत्र को बोलकर श्रीभगवान के सामने अग्नि में धूप छोड़ना।

9. ऊँ दीपं दर्शमामि नारायणाय नमः।

इस मंत्र को बोलकर घृत का दीपक जलाकर श्री विष्णु भगवान के समाने रखाना।

10. ऊँ नैवेद्यं समर्पयामि नारायणाय नमः।

इस मंत्र को बोलकर श्री भगवान को मिश्री का भोग लगाना।

11. ऊँ आचमनीयं समर्पयामि नारायणाय नमः।

इस मंत्र को बोलकर श्री भगवान को आचमन कराना।

12. ऊँ ऋतुफलं समर्पयामि नारायणाय नमः।

इस मंत्र को बोलकर ऋतुफल (केला आदि) से श्री भगवान को भोग लगाना।

13. ऊँ पुनराचमनीयं समर्पयामि नारायणाय नमः।

इस मंत्र को बोलकर श्री भगवान का फिर आचमन करना।

14. ऊँ पूँगीफलं सताम्बूलं समर्पयामि नारायणाय नमः।

इस मंत्र को बोलकर सुपारी सहित नागरपान श्री भगवान को कराना।

15. ऊँ पुनराचमनीयं समर्पयामि नारायणाय नमः। इस मंत्र को बोलकर पुनः श्री हरि को आचमन कराना। फिर सुवर्ण के थाल में कपूर को



RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रदीप करके श्री नारायण देव की आरती करना।

16. ॐ पुष्पाञ्जलिं समर्पयामि नारायणाय नमः।

इस मंत्र को बोलकर सुन्दर–सुन्दर पुष्पों की अंजली भरकर श्री हरि भगवान के मस्तक पर छोड़ना। फिर चार प्रदक्षिणा करके श्री नारायण देव को साष्टांग दण्डवत प्रमाण करना।

उक्त प्रकार से श्री हरि भगवान की मानसिक पूजा करने के पश्चात् उनका अपने ह्वदय–आकाश में शयन कराके भक्त अपने मन ही मन में श्री भगवान् के स्वरूप और गुणों का वर्णन करता हुआ बारम्बार सिर से प्रणाम करता है।

शान्ताकारं भुजगशयनं पद्मनाभं सुरेशं
विश्वाधारं गगन सदृशं मेघवर्णं शुभाङ्गम्।
लक्ष्मीकान्तं कमलनयनं योगिभिर्ध्यान गम्यं।
वन्दे विष्णुं भवभयहरणं सर्वलोकैकनाथम्।।

नमः समस्त भूता नामादि भूताय भुभृते।
अनेक रूप रूपाय विष्णवे प्रभविष्णवे।।

अन्त में यह स्तुति करें।

त्वमेव माता च पिता त्वमेव
त्वमेव बन्धुश्च सखा त्वमेव।
त्वमेव विद्या द्रविणं त्वमेव
त्वमेव सर्वं ममदेव देव।।

इस प्रकार से प्रेम–भक्ति में लगे हुये भक्त का जब परमात्मा में अतिशय प्रेम हो जाता उस काले में उसको अपने शरीरादि की सुधि नहीं रहती।

## सांकृत गोत्रज भूमिहार ब्राह्मण वंश विस्तार

**काम मिश्र की वंशावली–** 1530 के पश्चात् से काम मिश्र की वंशावचली सकराडीह से शुरु होती है। इनके 4 पुत्र अचल मिश्र, विचल



RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मिश्र, सरंग मिश्र व रोहित मिश्र हुये।

**विहार में वंश विस्तार– सारंग मिश्र–** बिहार के शाहाबाद (बक्सर) जिले के गाँव दुमका में आकर बसे। इनके चार पुत्र हुये। इनके वंशज सरगहा परगने में भरे पड़े हैं। प्रथम पुत्र के वंशज दुमदुमा, कटरा, लुदुपुर और कुछिला में हैं। दूसरे पुत्र के वंशज चड़ेस, मुखराँव, तियरा, जलहरा, सुजाकपुर, रासेन, छीतनडेहरा, आवनवनु, खुदरू, मनीडेहरी, गरी, इन्दारी, कुढ़नी, वनकवहुअरा, कामदरी, सलभुआ, साहेड़पुर, तुर्की, और मोरथ में हैं। चौथे पुत्र के वंशज सारंगपुर, वावूकबहुरा, कोरा, सानिवरसा, विशुनपुरा, सकरवलिया और उपरि में हैं।

**रोहित मिश्र–** शाहाबाद (बक्सर) के सिमराद गाँव में जाकर बस गये। इनके वंशधर चौसा परगने के गाँव मंगराव, सिसराढ़, रामपुर, जगहरा, डेहरी, सागपुर, राजापुर, पिपराढ़, वरहना, चुनी, कमरपुर, मिश्र वलिया, कतपुरा, करहसी, अतरवना, विजवली, हरपुर, चिलविला, कहरिया, कासिमपुर, सिराही, सतोनया, सरजा, सटौरा, सिकरौरा, सईवाना, देवरिया, चिमनपुर, जैतपुरा आदि गाँवों में बसे हैं। कहीं कहीं मिश्र तो कीं कहीं राय व सिंह की पदवी है।

**विचल मिश्र– असम प्रदेश में कामक्षाधाम तीर्थ करने गये और वापस नहीं आये।**

**गाजीपुर में वंश विस्तार– अचल मिश्र–** इनके दो पुत्र हरिश्चन्द्र व खेरसड़ मिश्र हुये।

**हरिश्चन्द्र मिश्र–** चार पुत्र राजमल, संसार मिश्र, गोसाई मिश्र व पूरन मिश्र हुये।

**राजमल मिश्र–** इनके वंशज तिलवा गाँव में हैं।

**संसार मिश्र–** के पुत्र रामदेव मिश्र थे। इनके दिलीप मिश्र और भोइ मिश्र नाम के दो पुत्र हुये। सुहवल में पूरब पट्टी दिलीप मिश्र व पश्चिम पट्टी भोइ मिश्र के नाम से है।

**गोसई मिश्र–** की संतान धर्म परिवर्तन करके मुसलमान हो गये और रमवल में बसे हैं।



RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2
**पूरन मिश्र**– 1707 में ये रेवतीपुर में आकर बस गये। यहाँ पर इनके सात पुत्र हुये।

**1. नरहर देव 2. रतन मिश्र 3. सहजमल मिश्र, 4. तेजमल मिश्र, 5. ठकुराई मिश्र, 6. हिनू मिश्र, 7. जटाम मिश्र**

नरहरदेव– मुसलमान हो गये। इनके वंशज कमसार आदि 14 गाँवों में रहते हैं। रतन मिश्र के वंशज वसुका गाँव में रहते हैं।

सहजमल मिश्र और तेजमल मिश्र के वंशज रेवतीपुर व पकड़ी गाँव में बसे हैं। तेजमल मिश्र के हररव मिश्र हुये इनके तीन पुत्र हृदय मिश्र रामधीन मिश्र व शाहवाज मिश्र हुये। शाहवाज मिश्र मुसलमान हो गये और शहवाज खाँ के नाम से प्रसिद्ध हुये।

**रतन मिश्र**– इनके तीन पुत्र राज मिश्र, मोहन मिश्र व विक्रम मिश्र हुये, विक्रम मिश्र कौशिकपुर चले गये। शेष लोग वसुका मे रह गये।

**सजमल मिश्र**– इनके तीन पुत्र वहोरिक राय, मामदेव राय व भीषमदेव राय हुये। इस समय मिश्र से राय की पदवी हो गई।

मामदेव और भीषमदेव के वंशज रेवतीपुर, हरिहरपुर व हसनपुरा में रहते हैं।

मामदेव राय के तीन पुत्र खेमकर छत्रसेन राय व वाहन राय हुये। इनके वंशज की रेवतीपुर, हरिहरपुर व हसनपुरा में रहते हैं।

भीषमदेव राय के चार पुत्र धीनहर राय, घूरा राय, श्रीकान्त राय व दुरपत राय हुये।

ठकुराई मिश्र के वंशज केवल रेवतीपुर गाँव में रहते हैं। हिनू मिश्र के वंशज भी इसी गाँव में रहते हैं। जटाम मिश्र के वंशज डेड़गाँवा में रहते हैं। इनके दो पुत्र नोखराज मिश्र व नौनसी मिश्र हुये। इन्हीं से इनके वंश का विस्तार हुआ।

**बहोरिक राय**– चार पुत्र दुल्लह राय, गनेश राय, वैरिसाल राय व नागमल राय हुये।

